हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026



खबर संक्षेप



अग्रसेन जयंती समारोह में हुआ महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का विमोचन

सूरजपुर। अग्रवाल समाज के अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा अब समाज के हर घर तक पहुंचाने की अनूठी पहल की गई है। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर आयोजित समारोह में इस विशेष पहल का विधिवत विमोचन किया गया। इसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक परिवार को महाराजा अग्रसेन के आदर्शों, सिद्धांतों और सामाजिक समरसता के संदेश से जोड़ना है। अग्रसेन जयंती समारोह के दौरान अध्यक्ष अमृत लाल अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनके द्वारा अग्रजो को भेंट की जाएगी। विमोचन कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी एवं अग्रजजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महाराजा अग्रसेन केवल अग्रवाल समाज के आराध्य ही नहीं, बल्कि त्याग, सेवा, समानता, सहयोग और समाजवाद के प्रेरणास्रोत हैं। इस दौरान अग्रवाल सभा अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल, सचिव राजेश महलवाला, आयोजन समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष ममता गर्ग, नवयुवक समिति अध्यक्ष गौरीश जिंदल, कोषाध्यक्ष संजय केजरीवाल, उपाध्यक्ष मुकेश गर्ग, अंकुर गर्ग, स्वयं गोयल, रजत अग्रवाल, कान्हा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सेवा सेतु अभियान के तहत दी गई शासन की योजनाओं की जानकारी

कुसमी। नगर पंचायत में सेवा सेतु अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। नगर पंचायत के सभी वार्ड के वार्ड वासी सहित मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित एसडीएम बालेश्वर राम द्वारा शासन की योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी और योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। कार्यक्रम में भाजपा नेता जन्मजय सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल द्वारा केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार के सभी योजनाओं के संबंध में बताया। कार्यक्रम के दौरान महिला बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई रस्म पूरा करते हुए अपने विभाग से संबंधित सभी जानकारी दी। नगर पंचायत द्वारा 2 हितग्राहियों को प्रधान मंत्री आवास की प्रमाणपत्र देते हुए समयावधि में घर का निर्माण करने पर उन्हें उनके घर की चाबी सौंपी गई। सेवा सेतु अभियान के तहत कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें में विद्युत विभाग से नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग करते हुए नाली निर्माण एवं सीसी सड़क निर्माण की मांग की गई। साथ ही मुद्रा योजना के तहत लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन भी दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी अरविंद विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान तहसीलदार रॉकी एक्का, नायब तहसीलदार अनुराग केरकेट्टा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अरविंद विश्वकर्मा, बीईओ मनोज गुप्ता, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नन्द कुमार गुप्ता,नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, संजय जायसवाल, राकेश भारती, मो. शमीम, राजेश्वर गुप्ता, पारस पाल, अनिल सिन्हा, अंजू सिन्हा, परियोजना अधिकारी सहित बड़ी संख्या में सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

गड्ढों से बदहाल सड़कें धूल से बेहाल जनता

अंबिकापुर। कांग्रेस नेता परवेज आलम गांधी ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव के अंबिकापुर दौरे पर कहा कि अंबिकापुर की सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे, कीचड़ और जगह-जगह बनी डबरियों से नागरिक पहले ही परेशान हैं। अब उड़ती धूल ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। ऐसे में उपमुख्यमंत्री जी से शहरवासियों की एक छोटी-सी गुहार है।



सड़क मत बनाइए साहब, कम से कम झाड़ू ही लगवा दीजिए ताकि शहरवासियों को उड़ती धूल से राहत मिल सके और वे स्वच्छ हवा में साँस ले सकें। परवेज आलम गांधी ने कहा कि सड़कें कब बनेंगी, गड्ढे कब भरेंगे और अंबिकापुर की सूरत कब बदलेगी, यह तो भविष्य के गर्भ में है। लेकिन फिलहाल नियमित सफाई और धूल पर नियंत्रण के उपाय करके जनता को राहत तो दी ही जा सकती है। उन्होंने कहा कि शहर की समस्याओं का निरीक्षण तभी सार्थक होगा, जब उसके बाद धरातल पर सुधार दिखाई दे।

मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग, कांग्रेसियों ने मनाया काला दिवस

कुसमी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में लोकतंत्र की रक्षा एवं हालिया घटनाक्रम के विरोध में काला दिवस मनाते हुए धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरीश मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने इंडिया गठबंधन के 300 सांसदों के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार तथा उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने से रोके जाने की घटना पर विरोध किया। कांग्रेसियों ने कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है और किसी भी निर्वाचित प्रतिनिधि के साथ दुर्व्यवहार लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से पृथक किए जाने तथा पूरे मामले में न्यायोचित कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत, श्रवण गुप्ता, पंकज दुबे, खसरू बुनकर, सिराजुल, फरीद खान, रमेश पाण्डे, मुजस्सम नजर, संतोष इंजीनियर, सोनू अली, वेदान्त भारती, राशीद आलम, जफर इकबाल,हसीना, बबली, गीता नाग, पूर्णिमा, अनुराग सहित अन्य उपस्थित रहे।

करोड़ों की लागत से निर्माण के बाद भी नहीं हुआ कार्यालय का संचालन

एक दशक पूर्व बना वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय भवन हुआ खंडहर में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर



जर्जर वन परिक्षेत्राधिकारी।

खास बात

- रखरखाव के अभाव में भवन हो रहा जर्जर

वन विभाग की कार्यालय व्यवस्थित रूप से संचालित हो इसे लेकर शासन द्वारा रामानुजनगर में वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय का निर्माण कराया गया था। हैरान की बात तो यह है कि कार्यालय भवन निर्माण हुए एक दशक होने को है लेकिन आज तक नवनिर्मित भवन में कार्यालय का संचालन नहीं हो सका। करोड़ों की लागत से कराए गए भवन देख रेख के अभाव में खंडहर में तब्दील होने लगा है। ऐसे में समय रहते भवन की देख रेख और कार्यालय संचालन नहीं किया गया तो भवन की हालत और भी दयनीय हो सकती है।

वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता एक मामला रामानुजनगर मुख्यालय में सामने आया है। यहां लगभग एक दशक पूर्व करोड़ों रुपये की लागत से वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय के लिए नवनिर्मित भवन तैयार कराया गया था, लेकिन निर्माण के बाद से ही यह भवन उपयोगहीन पड़ा हुआ है। विभागीय स्तर पर कार्यालय का संचालन इस भवन में शुरू नहीं किए जाने के कारण अब यह भवन धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि शासन की राशि से वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय के लिए भवन का निर्माण कराया गया था। भवन बनने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि वन विभाग का कार्यालय व्यवस्थित रूप से यहां संचालित होगा और शासकीय भवन का समुचित उपयोग किया जाएगा। लेकिन निर्माण के बाद से ही भवन में तालाबंदी की स्थिति बनी हुई है। लोगों का कहना है कि वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय संचालन होने से इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिलता। रामानुजनगर में ही कार्यालय होने से क्षेत्र के लोगों को कार्यालयीन कार्य के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते भवन की देखरेख नहीं की गई तो आने वाले दिनों में भवन की हालत और भी जर्जर हो जाएगी।

टूट रही सीढ़ियां, दीवारों पर जमी काई

देखरेख और नियमित रखरखाव के अभाव में भवन की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। भवन के सामने की सीढ़ियां टूटकर बिखरने लगे हैं। बाहरी दीवारों सहित भवन के अधिकांश हिस्से पर काई जम गई है। वहीं अंदर भी जर्जर स्थिति निर्मित होने लगी है। यदि समय रहते भवन की मरम्मत और उपयोग शुरू नहीं किया गया तो आने वाले समय में इसकी स्थिति और अधिक खराब होने की आशंका है।

शासकीय राशि के उपयोग पर उठ रहे सवाल

स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जिस उद्देश्य से शासन द्वारा बड़ी राशि खर्च कर भवन का निर्माण कराया गया था, वह उद्देश्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। वर्षों से भवन के उपयोग में नहीं आने के कारण सरकारी संपत्ति की स्थिति खराब हो रही है। ऐसे में भवन निर्माण पर खर्च की गई शासकीय राशि के प्रभावी उपयोग को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

भवन को शीघ्र उपयोग में लाने की मांग

जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि वन विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए नवनिर्मित भवन की स्थिति का निरीक्षण कराया जाए तथा आवश्यक मरम्मत कराकर इसे तत्काल वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय के संचालन में लाया जाए। इससे एक ओर शासकीय संपत्ति को पूरी तरह जर्जर होने से बचाया जा सकेगा, वहीं दूसरी ओर जिस उद्देश्य के लिए भवन का निर्माण कराया गया था, वह भी पूरा हो सकेगा।

नपं शिवनंदनपुर को 2.33 करोड़ रुपए के 31 विकास कार्यों की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है,नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सड़क,नाली, कल्वर्ट और अन्य निर्माण कार्यों के लिए कुल 2 करोड़ 33 लाख 44 हजार रुपये की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत 31 विकास कार्य कराए जाएंगे, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास,छत्तीसगढ़ द्वारा 6 अक्टूबर को इस संबंध में आदेश जारी किया गया है, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन तथा नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल के प्रयासों से विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। इसे नगर पंचायत क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

- उपाध्यक्ष ने विकासकार्यों में भेदभाव का लगाया आरोप

जारी आदेश के अनुसार, नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क, आरसीसी नाली, कल्वर्ट निर्माण और पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे। इन निर्माण कार्यों का उद्देश्य वार्डों में आवागमन को सुगम बनाना, जल निकासी की समस्या दूर करना और नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। स्वीकृत कार्यों में वार्ड क्रमांक 5, 6 और 7 सहित विभिन्न वार्डों में नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 8 में शांतिनगर मुख्य मार्ग से ओम शांति तक सीसी सड़क निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 13 में कर्मकांड स्थल पर पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग का कार्य शामिल है। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 10, 11, 14 और 15 में भी सड़क एवं नाली निर्माण के विभिन्न कार्य कराए जाएंगे। कई वार्डों में घरों और मोहल्लों को जोड़ने वाली नालियों के निर्माण का भी प्रावधान किया गया है। गौरतलब है कि नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क और नाली की बेहतर व्यवस्था लंबे समय से नागरिकों की प्रमुख जरूरतों में शामिल रही है,विशेषकर बारिश के दौरान जलभराव, जल निकासी और मोहल्लों में आवागमन से जुड़ी समस्याओं के समाधान में इन निर्माण कार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। स्वीकृति मिलने से संबंधित वार्डों में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हुआ है।

भेदभाव करने का आरोप

नगर पंचायत शिवनंदनपुर के उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने निकाय क्षेत्र में दो करोड़ तैंतीस लाख के विकास कार्यों की स्वीकृति पर कहा कि विकास कार्यों की स्वीकृति में भी भेदभाव किया गया ह, वार्डों में एक भी कार्य नहीं तो किन्हीं वार्डों में एक से अधिक कार्य स्वीकृत किए गए हैं,वार्ड क्रमांक 2 एवं 3 में एक भी कार्य स्वीकृत नहीं किया गया है,उन्होंने कहा कि परिषद के 14 जुलाई को पहली बैठक में जिन कार्यों के प्रस्ताव लिए गए थे उनमें एक कार्य का भी स्टीमेट आज तक तैयार नहीं किया गया है,उन्होंने सीएमओ और उप अभियंता के कार्यशैली को उदासीन बताते हुए कहा कि जनहित के जुड़े मामलों में तेजी और जवाबदेही जरूरी है।

विधवा को अंत्योदय कार्ड बनने के बाद भी प्राप्त नहीं हो पा रहा राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के दावों के बीच भैयाथान जनपद के ग्राम राईं से एक संवेदनशील मामला सामने आया है। यहां एक बेसहारा विधवा महिला का अंत्योदय राशन कार्ड बने पांच माह बीत चुके हैं, लेकिन अब तक उसके कार्ड पर शा स की य खाद्यान्न का आबंटन शुरू नहीं हो सका है। कार्ड हाथ में लेकर महिला हर महीने राशन दुकान के चक्कर काट रही है, लेकिन तकनीकी आबंटन नहीं होने की बात कहकर उसे वापस लौटा दिया जाता है। ग्राम राई निवासी दिनो बाई, पति स्व. सोबित राम, पति की मृत्यु के बाद मजदूरी कर किसी तरह अपना जीवन यापन कर रही हैं। आर्थिक रूप से बेहद कमजोर दिनों बाई को शासन की अंत्योदय योजना के तहत राशन कार्ड स्वीकृत किया गया।



जून 2026 में जनपद पंचायत भैयाथान से कार्ड का प्रिंट भी उन्हें उपलब्ध करा दिया गया। कार्ड मिलने के बाद दिनों बाई को उम्मीद थी कि अब कम से कम दो वक्त के भोजन की चिंता कुछ कम होगी, लेकिन पांच महीने बाद भी उनकी स्थिति जस की तसबनी हुई है। राशन लेने जब वह उचित मूल्य की दुकान पहुंचती हैं तो कार्ड में ऑनलाइन आबंटन प्रदर्शित नहीं होने की बात कहकर उन्हें खाद्यान्न नहीं दिया जाता।

- तकनीकी खामी का झेलना पड़ रहा दंश
- विगत कई महीनों से खाद्य विभाग से लगा रही गुहार, ऑनलाइन खाद्यान्न प्रदर्शित नहीं होने का बताया जा रहा मुख्य कारण

दूसरों को मिला राशन, इन्हें इंतजार

दिनों बाई का कहना है कि उनके बाद जारी हुए कुछ अन्य राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न मिलना शुरू हो गया है, लेकिन उनका कार्ड बनने के बावजूद अब तक उन्हें राशन नहीं मिल पाया है। ऐसे में अंत्योदय कार्ड होने के बावजूद सरकारी खाद्यान्न से वंचित रहना व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है। लगातार पांच माह तक राशन नहीं मिलने से परेशान दिनों बाई अब जिला मुख्यालय पहुंचीं और खाद्य विभाग के अधिकारी को लिखित आवेदन सौंपकर अपने कार्ड में जल्द से जल्द ऑनलाइन खाद्यान्न आबंटन शुरू कराने की मांग की। उन्होंने चावल, शक्कर और चना सहित योजना के तहत मिलने वाले खाद्यान्न का लाभ दिलाने की गुहार लगाई है। कार्ड हाथ में होने के बावजूद पांच माह से खाद्यान्न के लिए भटक रही दिनों बाई की स्थिति सरकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन पर भी सवाल खड़े करती है।

10वीं वाहिनी में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस एवं सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।जागरूकता सप्ताह 5 से 10 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 10 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल कनकपुर सिलफिली में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन वर्ष 2026 के विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस विभिन्न थीम पर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट सचिन मातुरकर एवं सोशल वर्कर प्रियंका मंडल द्वारा जवानों एवं कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व तथा तनाव के प्रभावी प्रबंधन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति की सोच, भावनाओं, व्यवहार, निर्णय क्षमता, कार्यक्षमता तथा पारिवारिक एवं सामाजिक संबंधों से जुड़ा महत्वपूर्ण पक्ष है।मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में धैर्य, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होता है। कार्यशाला में बताया गया कि सुरक्षा बलों के जवानों को चुनौतीपूर्ण ड्यूटी, कार्य का दबाव, सतत सतर्कता, पारिवारिक दूरी, अनियमित कार्य-समय एवं अन्य परिस्थितियों के कारण तनाव का अनुभव हो सकता है। तनाव को कमजोरी नहीं, बल्कि एक सामान्य मानवीय प्रतिक्रिया के रूप में समझते हुए उसका समय पर प्रबंधन करना आवश्यक है। लंबे समय तक बना तनाव व्यक्ति की नींद, एकाग्रता, व्यवहार, शारीरिक स्वास्थ्य एवं कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकता है।जवानों को तनाव के प्रारंभिक लक्षणों जैसे लगातार चिंता या उदासी, चिड़चिड़ापन, नींद में कमी, अत्यधिक थकान, मन न लगना, एकाग्रता में कमी, नकारात्मक विचार तथा सामाजिक दूरी की पहचान के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही जानकारी दी गई कि ऐसे लक्षण दिखाई देने पर समस्या को छिपाने के बजाय परिवारजन, विश्वसनीय सहकर्मी अथवा मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से समय पर परामर्श लेना चाहिए। तनाव प्रबंधन के उपायों पर चर्चा करते हुए नियमित योग, प्राणायाम एवं व्यायाम, पर्याप्त नींद, संतुलित आहार, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, मनोरंजन एवं रुचिकर गतिविधियों के लिए समय निकालने तथा परिवार और सहकर्मियों के साथ संवाद बनाए रखने की सलाह दी गई।कार्यशाला में 10 वीं वाहिनी के प्रशांत सिंह, डॉ.विनीत सिंह, कंपनी कमांडर चंद्रेश नेताम, प्लाटून कमांडर बैगा राम प्रशिक्षण स्टाफ एवं रिफ्रेशर कोर्स 10 वें कर सत्र में सम्मिलित 40 अधिकारी व कर्मचारी सक्रिय रहे।

विधायक ने किया आंबा भवन का लोकार्पण, पहाड़ी कोरवा परिवारों को कराया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज : राजपुर



सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने शुक्रवार को जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत आरा के आश्रित ग्राम धवईबांध में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। वहीं, ग्राम पंचायत घटगांव में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) योजना के तहत निर्मित प्रधानमंत्री जनमन आवासों में पहाड़ी कोरवा परिवारों को गृह प्रवेश कराया। धवईबांध में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण ग्राम पंचायत आरा द्वारा कराया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत इस भवन की लागत 11.69 लाख रूपए है। निर्माण कार्य 15 नवंबर 2025 को प्रारंभ हुआ था और जो 19 सितंबर 2026 को पूर्ण हुआ। भवन के लोकार्पण से क्षेत्र के बच्चों और महिलाओं को आंगनबाड़ी सेवाओं के संचालन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल, आरा के उपसरपंच अजीमुद्दीन अंसारी, सहित ककना, अमड़ीपारा, बाड़ा और घटगांव के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में पटवारी संघ ने खोला मोर्चा



अनूपपुर। पटवारियों के विरुद्ध सेवा समाप्ति, निलंबन एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में पटवारी संघ ने आंदोलन का रुख अख्तियार कर लिया है। संघ ने कलेक्टर अनूपपुर को ज्ञापन सौंपकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। साथ ही, मांगें पूरी होने तक ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया है। पटवारी संघ के अनुसार, देवास सहित प्रदेश के अन्य जिलों में पटवारियों के विरुद्ध की जा रही दंडात्मक कार्रवाई अनुचित है।

संघ ने इन कार्रवाइयों को तत्काल वापस लेने की मांग उठाते हुए संबंधित अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर उचित निर्णय लेने की अपील की है। संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता और दंडात्मक कार्रवाई वापस नहीं ली जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर संघ ने अपनी मांगों से अवगत कराया है। पटवारी संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल के ऐलान से जिले में राजस्व विभाग के कामकाज पर असर पड़ने की आशंका है। ऑनलाइन राजस्व कार्यों से पटवारियों के विरत रहने की स्थिति में आम नागरिकों को भूमि संबंधी प्रकरणों, राजस्व अभिलेखों तथा अन्य जरूरी राजस्व सेवाओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अब देखना होगा कि प्रशासन संघ की मांगों पर क्या रुख अपनाता है और आंदोलन को समाप्त कराने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

पृष्ठ 3 का शेष

हाथी पर सवार...

परंपरागत मान्यता के अनुसार रविवार को नवरात्र प्रारंभ होने पर माता का वाहन हाथी माना जाता है। हाथी को शक्ति, स्थिरता, वैभव और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। यही कारण है कि माता के हाथी पर आगमन को शुभ संकेत के रूप में देखा जाता है। रविवार को शहर के दर्जनों स्थानों सहित आसपास के क्षेत्रों और जिले के विभिन्न हिस्सों में घट स्थापना के साथ शक्ति की आराधना शुरू होगी।

दोपहर से शाम तक पंडालों में पहुंचाई गईं प्रतिमाए- शारदीय नवरात्र रविवार से प्रारंभ होने के कारण शनिवार को ही विभिन्न पूजा समितियों द्वारा मूर्तिकारों के यहां से देवी प्रतिमाओं को ले जाने का सिलसिला शुरू हो गया था। दोपहर से प्रतिमाओं को वाहनों में सुरक्षित रखकर पूजा पंडालों तक पहुंचाया गया। शाम तक विभिन्न पंडालों में प्रतिमाएं स्थापित करने की तैयारियां जारी रहीं। अब रविवार को शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना प्रारंभ की जाएगी।

आकर्षक विद्युत सजावट से जगमगाएंगे देवी दरबार - नवरात्र को लेकर पूजा समितियों द्वारा कई दिनों से देवी दरबार सजाने का काम किया जा रहा था, जिसे अब अंतिम रूप दे दिया गया है। विभिन्न स्थानों पर आकर्षक पंडाल तैयार किए गए हैं। देवी प्रतिमाओं को आकर्षक ढंग से सजाकर स्थापित किया जाएगा। वहीं, पंडालों के आसपास रंग-बिरंगी विद्युत झालरों से सजावट की गई है, जिससे शाम ढलते ही देवी दरबार रोशनी से जगमगाएंगे। नवरात्र के दौरान श्रद्धालु मंदिरों और पूजा पंडालों में पहुंचकर माता की पूजा-अर्चना करेंगे।

दीये, कलश और पूजन सामग्री की बढ़ी मांग- नवरात्र प्रारंभ होने से पहले ही शहर के बाजारों में पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। मिट्टी के दीये, कलश, खप्पर और अन्य पूजन पात्रों की बिक्री के लिए विभिन्न स्थानों से आए कुंभकारों ने दुकानें लगाई हैं। नवरात्र में घट स्थापना और पूजा-अर्चना के लिए इन सामग्रियों की विशेष आवश्यकता होती है। इसके चलते बाजार में मिट्टी से बने पूजन पात्रों की मांग बढ़ गई है। पर्व को देखते हुए बाजार में भी रौनक दिखाई दे रही है।

मंदिरों में जलेंगे आस्था के दीप- नवरात्रि के अवसर पर शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। श्रद्धालु परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना के साथ मां भगवती की आराधना करेंगे। नौ दिनों तक उपवास, पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चलेगा। नवरात्रि पर्व को देखते हुए शहर में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन तथा पुलिस के स्तर पर आवश्यक तैयारियां किए जाने की जरूरत है। प्रमुख मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए समितियों द्वारा भी स्वयंसेवकों की तैनाती की जा रही है। नवरात्रि के साथ ही मनेन्द्रगढ़ में धार्मिक उत्सवों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। सुबह मंदिरों में घंटियों की गूंज और शाम को पंडालों में होने वाली आरती शहर के वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बनाएगी। श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करेंगे। शहरवासियों को अब नवरात्रि के शुभारंभ और मां भगवती के स्वागत का बेसब्री से इंतजार है।

जिला जेल बैकुंठपुर...

शिविर के दौरान फार्मासिस्ट द्वारा चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस पहल का उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान कर उचित उपचार सुनिश्चित करना है। निश्चय एवं सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत आयोजित यह स्वास्थ्य शिविर बंदियों के स्वास्थ्य संरक्षण और मानवीय दृष्टिकोण से चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य है।

खिलाड़ियों के उत्साह...

प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में याद किया जाएगा। समापन अवसर पर जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशादेवी सोनपाकर, उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल, जनपद सदस्य हिरमन, कमलकांत एवं श्रीमती सोनिया सुमित राजवाड़े, विधायक प्रतिनिधि रामप्रताप मरावी, सांसद प्रतिनिधि अविनाश पाठक, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज सिंह जगत, कटगोड़ी की सरपंच श्रीमती पुष्पा सिंह, सोनहत की सरपंच श्रीमती मानमती सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि

कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

2 एक दशक पूर्व बना वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय भवन हुआ खंडहर में तब्दील



खबर संक्षेप

सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा स्थगित

बैकुण्ठपुर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल, रायपुर द्वारा सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 11 अक्टूबर को बैकुण्ठपुर में आयोजित होने वाली लिखित सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2026 स्थगित कर दी गई है। यह निर्णय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा प्रकरण क्रमांक डब्ल्यूपीएस नं. 6783 आफ 2026 में 9 अक्टूबर 2026 को पारित आदेश के पालन में लिया गया है। परीक्षा स्थगित किए जाने के संबंध में मंडल ने संबंधित जिलों के नोडल अधिकारियों को सूचित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैकुंठपुर में परीक्षा के आयोजन के लिए कुल 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां 2,365 परीक्षार्थियों के शामिल होने की तैयारी थी। 11 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा लिखित भर्ती परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। अभ्यर्थी परीक्षा की आगामी तिथि और अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशो के लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल की आधिकारिक वेबसाइट में जारी होने वाली सूचनाओं का नियमित अवलोकन करें।

युवाओं को मिलेगा युवा रत्न सम्मान

मनेंद्रगढ़। छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं एवं स्वैच्छिक संस्थाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान, समाज सेवा और अभिनव प्रयासों के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए युवा रत्न सम्मान योजना की घोषणा की गई है। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले युवाओं और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। योजना के लिए पात्र अभ्यर्थियों एवं संस्थाओं से 30 अक्टूबर 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। युवा रत्न सम्मान योजना का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा, रचनात्मकता, सामाजिक प्रतिबद्धता और जनकल्याणकारी कार्यों को प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत सामाजिक कार्य, साहित्य, उद्योग, शिक्षा, खेल, पर्यावरण संरक्षण, महिला एवं बाल विकास, मीडिया, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा कला, संगीत एवं लोक कला सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को सम्मानित किया जाएगा।

मोबाइल हैक कर युवक के खाते से 34 हजार पार — **राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज**

न ओटीपी साझा किया, न बैंक खाते की जानकारी दी, फिर भी कई ट्रांजेक्शन में निकली रकम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है, जहां अज्ञात साइबर ठगों ने एक युवक का मोबाइल हैक कर उसके बैंक खाते से 34,180 रुपए पार कर दिए। ठगी की जानकारी तब हुई, जब युवक के मोबाइल पर गूगल पे के माध्यम से खाते से रकम कटने के लगातार मैसेज आने लगे। पीड़ित ने इसकी सूचना भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई के प्रबंधन को देने के साथ ही राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, पुलिस को सूचना देने पहुंचने पर उसे ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 6 बाईसागरपारा निवासी अभिलेख कुमार सिंह का मोबाइल 8 अक्टूबर की शाम कुछ समय के लिए अचानक लॉक हो गया था। इसी दौरान अज्ञात साइबर ठगों ने उनके बैंक खाते से लेन-देन कर लिया। मोबाइल पर गूगल पे के माध्यम से पहले 25 हजार रुपए कटने का मैसेज आया। इसके बाद अलग-अलग छोटी किस्तों में रकम कटने के संदेश मिलने लगे। कुछ ही देर में खाते से कुल 34,180 रुपए निकल गए। पीड़ित ने तत्काल इसकी जानकारी एसबीआई प्रबंधन को फोन के माध्यम से दी। इसके बाद राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। मामले की लिखित सूचना देने के लिए वह पुलिस के पास भी पहुंचा, जहां उसे ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा गया। बताया जा रहा है कि ऑनलाइन शिकायत साइबर सेल तक पहुंचेगी। साइबर ठगी की इस घटना ने एक बार फिर ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए हैं।



कोई भी जानकारी साझा नहीं किया

पीड़ित अभिलेख कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने किसी भी व्यक्ति के साथ अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी साझा नहीं की थी। न ही किसी को ओटीपी दिया था। घटना के दिन अचानक कुछ समय के लिए उनके मोबाइल का एक्सेस पूरी तरह बंद हो गया था। बाद में जब मोबाइल का एक्सेस वापस मिला, तो खाते से रकम कटने के लगातार मैसेज आने लगे। उन्होंने बताया कि खाते में जमा लगभग पूरी राशि निकल गई। खाते में अधिक रकम नहीं होने के कारण नुकसान सीमित रहा, अन्यथा बड़ी राशि की चपत लग सकती थी।

साइबर ठगी से बचने सतर्कता जरूरी

साइबर ठगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए ऑनलाइन लेनदेन के दौरान सावधानी बरतना जरूरी है। किसी भी अनजान लिंक पर बिना जांच-पड़ताल के क्लिक नहीं करना चाहिए। अनजान कॉल पर दिए गए निदेर्शों के आधार पर कोई ऐप डाउनलोड करने या मोबाइल का एक्सेस साझा करने से बचना चाहिए। बैंक खाते से संबंधित जानकारी, एटीएम पिन, यूपीआई पिन और ओटीपी किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए। खाते से अनधिकृत लेनदेन होने पर तत्काल बैंक को सूचना देने के साथ साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में तैयारियां पूरी, नौ दिनों तक होगी शक्ति की आराधना

हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पितरों की विदाई के साथ शनिवार को पितृपक्ष संपन्न होने के बाद आज रविवार से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो रहे हैं। इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आ रही हैं। देवी की आराधना के लिए शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मंदिरों और पूजा पंडालों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



आज से नवरात्र प्रारंभ

रविवार को शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ ही नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। इस दौरान देवी को विभिन्न प्रकार के भोग अर्पित किए जाएंगे। वहीं, शहर सहित जिले के अलग-अलग



क्षेत्रों में देवी पूजा, रास गरबा और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नवरात्र के दौरान देवी के आगमन और प्रस्थान के वाहन का भी धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार, नवरात्र के पहले दिन के वार के आधार पर मां दुर्गा के आगमन का वाहन निर्धारित होता है। इस वर्ष नवरात्र का शुभारंभ रविवार से हो रहा है। ⏭शेष पेज 2 पर

शक्ति की आराधना और आस्था का महापर्व आज से



मनेन्द्रगढ़। शक्ति की आराधना और आस्था का महापर्व शारदीय नवरात्रि आज से श्रद्धा और उल्लास के साथ शुरू होगा। नवरात्रि के आगमन को लेकर मनेन्द्रगढ़ शहर सहित ग्रामीण अंचल में उत्साह का माहौल है। देवी मंदिरों में जहां विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, वहीं शहर के विभिन्न हिस्सों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना के लिए पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं मनेन्द्रगढ़ की प्रसिद्ध मां शीतला की मढ़िया में नवरात्रि पर्व को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं।

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी में बीएलओ को प्रशिक्षण

मनेंद्रगढ़। मतदाता सूची को अधिक समावेशी एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से छूटे हुए पात्र मतदाताओं तथा 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मनेंद्रगढ़ एवं चिरमिरी में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रशिक्षण के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया तथा अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। मनेंद्रगढ़ में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, मनेंद्रगढ़ एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, मनेंद्रगढ़ की उपस्थिति में तहसील मनेंद्रगढ़ के बीएलओ का प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर टी. विजय गोपाल राव ने बीएलओ को विशेष अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी देते हुए आवश्यक प्रक्रिया एवं दिशा-निर्देशो से अवगत कराया। प्रशिक्षण में छूटे हुए पात्र मतदाताओं की पहचान करने, संबंधित नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक करने तथा निर्धारित नियमों के अनुरूप पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कराने पर जोर दिया गया। साथ ही 17 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं को मतदाता पंजीकरण के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता बताई गई, ताकि पात्रता प्राप्त होने पर वे नियमानुसार मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकें। इसी क्रम में चिरमिरी में आयोजित बीएलओ प्रशिक्षण बैठक में मास्टर ट्रेनर चंदन दत्ता ने सभी बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अवैध रेत परिवहन करते 5 हाइवा-ट्रैक्टर जब्त



बैकुण्ठपुर। जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 10 अक्टूबर को बैकुंठपुर तहसील एवं पटना क्षेत्र में जांच के दौरान बिना वैध पारपत्र के खनिज रेत का परिवहन करते पाए जाने पर विभागीय अमले ने 5 वाहनों को जब्त किया। इनमें 2 मिनी हाईवा और 3 ट्रैक्टर शामिल हैं। विभागीय अमले द्वारा जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध निरंतर निगरानी की जा रही है। इसी अभियान के तहत क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान वाहनों की जांच की गई। जांच में बिना वैध पारपत्र के रेत परिवहन का मामला सामने आने पर संबंधित वाहनों को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

खनिज विभाग के अनुसार, जब्त किए गए वाहनों के मालिकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के नियम 71 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इसके साथ ही खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत नियमानुसार अर्थदंड निर्धारित कर राशि खनिज मद में जमा कराने की कार्रवाई की जाएगी। खनिज अधिकारी ने कहा कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जिला जेल बैकुंठपुर में मेगा हेल्थ कैंप

बैकुण्ठपुर। जेल मुख्यालय, नवा रायपुर के निश्चय कार्यक्रम एवं सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिला जेल बैकुंठपुर में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में जेल में निरुद्ध बंदियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया।

मेगा हेल्थ कैंप में अस्थि रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं मेडिकल ऑफिसर ने अपनी सेवाएं दीं। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बंदियों की स्वास्थ्य संबंधी



समस्याओं की जांच कर आवश्यक उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। ⏭शेष पेज 2 पर

सामान को आग लगाने के बाद लगा लिया फांसी

अम्बिकापुर। कंचनपुर पटेलपारा निवासी कवल प्रसाद राजवाड़े आ. स्व. सुखदेव (57 वर्ष) गुरुवार को परिजन काम के सिलसिले में बाहर गए थे। जबकि कवल प्रसाद घर में अकेले था। इसी दौरान कवल प्रसाद पहले पेटी में रखे कपड़े को घर के आंगन में फेंका फिर कुर्सियों को बाहर आंगन में रख दिया और कपड़ा और कुर्सियों में आग लगाकर कमरे में गया और दरवाजा अंदर से बंद कर फांसी लगा लिया।

विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक का समापन

खिलाड़ियों के उत्साह और खेल भावना ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के विकासखंड सोनहत में आयोजित तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2026-27 का उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में समापन हुआ।

खेल मैदान में खिलाड़ियों का जोश, प्रतिस्पर्धा की भावना और अपनी प्रतिभा साबित करने का जुनून पूरे आयोजन की विशेष पहचान रहा। खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए खेल कौशल, अनुशासन, मेहनत और टीम भावना का परिचय दिया। समापन समारोह ने तीन दिनों तक



चले खेल उत्सव की यादों को एक विशेष मुकाम प्रदान किया। सरगुजा ओलंपिक केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचानने, उन्हें प्रोत्साहित करने और खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे आयोजनों से युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सामूहिक सहभागिता की भावना मजबूत होती है। साथ ही, खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। सोनहत में आयोजित इस तीन दिवसीय खेल आयोजन का समापन खेल भावना, उत्साह और सहभागिता के संदेश के साथ हुआ। आयोजन ने यह रेखांकित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें उचित अवसर, प्रोत्साहन और मंच उपलब्ध कराने की।

सरगुजा ओलंपिक 2026-27 का यह आयोजन खिलाड़ियों के उत्साह, जनप्रतिनिधियों की सहभागिता और खेलों के प्रति बढ़ते आकर्षण का प्रतीक बना। समापन के साथ ही खिलाड़ियों के भीतर नई ऊर्जा और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा का संचार हुआ। यह आयोजन ग्रामीण खेल संस्कृति को मजबूत करने तथा खेल ⏭शेष पेज 2 पर



खबर संक्षेप

फांसी में लटका मिला ग्रामीण का शव, जांच में जुटी पुलिस

पोड़ीमोड़। ग्राम पंचायत सेमरा खुर्द में उस समय हड़कंप मच गया जब एक ग्रामीण का शव पेड़ पर फांसी में लटका मिला। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा खुर्द में एक ग्रामीण की आज सुबह फांसी में लटका मिला। गांव के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि मृतक सिंघरा का निवासी है जो पिछले 4-5 वर्षों से सेमरा खुर्द में भरोसा सिंह नामक व्यक्ति के घर रहता था। ग्रामीण के आत्महत्या का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। चंदौरा पुलिस ने मृतक की पहचान कराने के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

कालेज में आभार एवं संकल्प की रंगोली कार्यक्रम



प्रेमनगर। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, सामाजिक चेतना एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सेवा के रंग राष्ट्र के संगः आभार एवं संकल्प की रंगोली कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी रेखा जायसवाल ने की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 62 विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक क्षमता का परिचय देते हुए एक विशाल व भव्य मुख्य रंगोली सहित अनेक मनमोहक रंगोलियों का निर्माण किया, जबकि इस पूरे आयोजन के दौरान 255 विद्यार्थी उपस्थित रहकर कार्यक्रम के साक्षी बने। रंगोलियों में आधुनिक भारत, शिक्षा, तकनीक, कृषि, महिला सशक्तिकरण और युवाओं की भूमिका को प्रमुखता से दर्शाया गया, जिससे पूरा महाविद्यालय परिसर सामाजिक जागरूकता के रंगों से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नयन सिरदार उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती पुनिया राजवाड़े,श्रीमती पूर्णा जायसवाल, विजय सिरदार, जनभागीदारी अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव, बीडीसी श्रीमती किरण साहू, श्रीमती कंचन सिरदार,गणेश सिरदार एवं श्री सुखसाय रओतिया सहित अन्य मौजूद रहे।

द्वितीय चरण की जनसंख्या गणना के लिए प्रशिक्षण 12 से

बलरामपुर। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का मैदानी कार्य जनवरी-फरवरी 2027 में किया जाएगा। भारत सरकार, गृह मंत्रालय के जनगणना कार्य निदेशालय, छत्तीसगढ़ के निर्देश पर इस कार्य के सुचारू संचालन के लिए जिले में दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिला पंचायत बलरामपुर के सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर्स अनुविभागीय जनगणना अधिकारियों, चार्ज अधिकारियों, तकनीकी सहायकों और जनगणना लिपिकों को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण दो चरणों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। पहले चरण में 12 और 13 अक्टूबर को सामरी, कुसमी, चांदो, शंकरगढ़ और राजपुर के समस्त अनुविभागीय जनगणना अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी, तकनीकी सहायक व जनगणना लिपिक शामिल होंगे। दूसरे चरण में 14 और 15 अक्टूबर को डौरा-कोचली, बलरामपुर, चलगली, रामानुजगंज, वाड्रफनगर, रामचन्द्रपुर और रघुनाथनगर चार्ज के अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षण लेंगे।

छात्राओं ने लिया सशक्त भविष्य का संकल्प

विकसित भारत की मूलाधार हैं हमारी बेटियां

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक भव्य, प्रेरणादायक और नई चेतना जागृत करने वाले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर बेटियों के उत्साह, रचनात्मकता और उनके बुलंद हौसलों की गूंज से सराबोर रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा, तकनीक और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित करना था।

कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ओजस्वी भाषण, भावपूर्ण कविताएं, प्रेरणादायी स्लोगन और मनमोहक पेंटिंग्स के माध्यम से समाज में बालिकाओं के महत्व का संदेश दिया। इस अवसर पर इतिहास से लेकर आधुनिक दौर तक की महान महिला विभूतियों की कामयाबी की कहानियों को साझा किया गया, जिससे उपस्थित सभी छात्राएं अत्यधिक प्रोत्साहित और प्रेरित हुईं। विद्यालय की प्राचार्या इंद्रा सेंगर ने छात्राओं से सीधा संवाद किया और अपने ओजस्वी उद्बोधन से उनमें एक नई ऊर्जा का संचार किया। प्राचार्या ने महिला शिक्षा को लेकर विद्यालय की दूरदर्शी नीतियों को साझा करते हुए कहा हमारा विद्यालय उत्कृष्ट शैक्षणिक शिक्षा के साथ ही हर बेटी के भीतर छिपी नेतृत्व क्षमता को निखारने में विश्वास रखता है। हमारी नीति हर छात्रा को एक सुरक्षित, समान और अवसरों से भरा वातावरण देना है। आज जब हम लगातार तीन वर्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट सूची में अपनी छात्राओं का नाम चमकते हुए देखते हैं, तो हमारा यह विजन सच होता दिखाई देता है। यह इस बात का प्रमाण है कि यदि बेटियों को सही दिशा मिले, तो वे आसमान छू सकती हैं। प्राचार्या ने स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तमाम मुश्किलों और चुनौतियां को पार करती हुई सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करने वाली, बेटियों का उदाहरण देते हुए छात्राओं को करियर के प्रति गंभीर होने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने आधुनिक युग में डिजिटल साक्षरता पर जोर देते हुए कहा आज का युग तकनीक का है। मैं चाहती हूँ कि हमारी बेटियां तकनीक (टेक्नोलॉजी) का इस्तेमाल केवल मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि अपने ज्ञान को बढ़ाने, करियर को संवारने और सामाजिक रूप से जागरूक होने के लिए करें। तकनीक को अपना हथियार बनाकर आप बंद दरवाजों को खोल सकती हैं। अपने संबोधन को भारतीय संस्कृति के गौरव से जोड़ते हुए प्राचार्या ने कहा कि भारत वह भूमि है जहां सदियों से 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता' (जहाँ नारियों की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करते हैं) और 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' की भावना रही है। बेटियां केवल सृष्टि का आधार ही नहीं हैं, बल्कि विकसित भारत 2047 के संकल्प की असली मूलाधार भी हैं। समाज, परिवार और राष्ट्र का सर्वांगीण विकास बेटियों की प्रगति के बिना असंभव है। प्राचार्या के प्रेरणादायी शब्दों से प्रभावित होकर विद्यालय की छात्राओं ने सामाजिक तौर पर जागरूक रहने, अपने करियर के प्रति सजग होने और भविष्य में मिलने वाले हर अवसर का लाभ उठाकर अपने व्यक्तिगत व बौद्धिक विकास करने का दृढ़ संकल्प लिया। छात्राओं ने सामूहिक रूप से प्रण लिया कि वे देश की मुख्यधारा में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराएंगी।

खोंगापानी में व्याप्त समस्याओं के समाधान की मांग



■ भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

मनेन्द्रगढ़। नगर पंचायत खोंगापानी में व्याप्त विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा, हसदेव मंडल के महामंत्री गोपाल दास ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। 7 अक्टूबर 2026 को सौंपे गए ज्ञापन में आगामी नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को देखते हुए नगर की यातायात व्यवस्था, नाली निर्माण तथा जल निकासी सहित कई मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि आगामी समय में नवरात्रि और दशहरा का पर्व होने वाला है। पर्व के दौरान नगर में लोगों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे यातायात व्यवस्था पर दबाव बढ़ने की संभावना है। इसे देखते हुए नगर पंचायत क्षेत्र की सड़कों पर मुकम्मल एवं राखड़ बिछाने की व्यवस्था करने की मांग की गई है, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। वहीं वार्ड क्रमांक 08 के पीछे से वार्ड क्रमांक 09 आंगनबाड़ी तक नाली निर्माण की मांग भी रखी गई है। ज्ञापन के अनुसार पूर्व में यहां आधी-अधूरी नाली बनाई गई थी, जिसके कारण कई स्थानों पर कचरा जमा रहता है। इससे वार्ड क्रमांक 08 एवं 09 में बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। भाजपा नेता ने मांग की कि वार्ड क्रमांक 08 के पीछे से अधूरी नाली का निर्माण पूरा कर वार्ड क्रमांक 08 से 09 तक उचित जल निकासी की व्यवस्था की जाए तथा सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। ज्ञापन में नगर पंचायत खोंगापानी के वार्ड क्रमांक 04 एकतानगर से वार्ड क्रमांक 08 एवं 09 के लिए जाने वाली सीसी रोड की स्थिति का भी उल्लेख किया गया है। बताया गया कि यह मार्ग आधा-अधूरा है और इसी बीच एक डेम भी है, जहां से वार्ड क्रमांक 08, 09, 10 तथा 04 व 05 के लोगों का डेम के पानी से होकर आवागमन होता है।

आमाखेरवा छठ घाट पर स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



जनसेवा से राष्ट्रसेवा और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़ के आमाखेरवा छठ घाट पर वन विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नदी-घाट स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्ति जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। वन विभाग के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस जवानों, वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

अभियान के माध्यम से नदी-घाटों को स्वच्छ रखने, प्लास्टिक प्रदूषण कम करने और पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिमा यादव, डीएफओ दुलेश्वर साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल विश्वकर्मा, अपर कलेक्टर लिंगराज सिदार, एसडीएम शशि शेखर मिश्रा, पार्षद स्वप्निल सिन्हा, अंकित शर्मा एवं जलील शाह सहित वन विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। वन विभाग की ओर से रेंजर विश्वनाथ सहित अन्य कर्मचारियों ने भी सहभागिता निभाई। स्वच्छता अभियान में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन मनेन्द्रगढ़, थाना मनेन्द्रगढ़, थाना झगराखंड, चौकी खोंगापानी, साइबर सेल और कंट्रोल रूम के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। इसके साथ ही 18वीं वाहिनी चैनपुर के सशस्त्र बल के जवानों ने भी श्रमदान किया।

लगभग 60 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों एवं जवानों की सहभागिता से अभियान को व्यापक स्वरूप मिला। थाना प्रभारी झगराखंड राकेश कुमार साहू, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह श्याम, जिला विशेष शाखा प्रभारी राम सिंह टेकाम और सूबेदार कामेश कुमार सहित अन्य जवानों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

कांग्रेस ने काला दिवस मनाकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



भारतीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर उठ रहे सवालों के बीच कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शुक्रवार को चरचा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काला दिवस मनाते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने काले झंडे लेकर और बांहों पर काली पट्टी बांधकर केंद्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन में कांग्रेस के पदाधिकारियों, युवा कांग्रेस और महिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। प्रदर्शन की शुरूआत चरचा के व्हीटीसी कोरिया नीर से हुई, जहां कांग्रेस कार्यकर्ता काले झंडे लेकर एकत्रित हुए। यहां से पैदल मार्च निकालते हुए कार्यकर्ता राजीव गांधी चौक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। राजीव गांधी चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए और प्रदर्शन के माध्यम से अपनी नाराजगी जाहिर की। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी सहित इंडिया गठबंधन के नेताओं द्वारा किए गए शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान बलपूर्वक कार्रवाई और लाठीचार्ज की घटना के विरोध में चरचा में काला दिवस मनाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने इस कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को अपनी बात रखने और जनहित के मुद्दों पर विरोध दर्ज कराने का अधिकार है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं के साथ इस तरह का व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असहमति और विरोध के स्वर को सम्मान मिलना चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने केंद्र सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी राजनीतिक दलों को अपनी बात रखने का समान अवसर मिलना चाहिए। चरचा में आयोजित इस प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजीत लकड़ा, मंडल अध्यक्ष जागृत कुर्रे, हेमसागर यादव, धर्मवीर सिंह, अनिल जायसवाल, लालमुनी यादव, संगीता राजवाड़े भूपेंद्र यादव, राजेश्वर चंद्रा, जानू वसीम उर्मिला सिंह रानी राजवाड़े युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुमन दुबे, संजय शर्मा, श्रवण सिंह, रामाधार, अनिल सिंह, एजाज गुड्डू, पंकज मिश्रा, शिवराम यादव, नौसाद, सोहेल अहमद, राजू मोदी, आरिफ नेता, विक्रांत सिंह, जितेंद्र वर्मा, और सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओ में आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भी सक्रियता देखने को मिली।

दिवंगत शिक्षक के परिजन को मिली 1 लाख की सहायता राशि



प्रतापपुर। शिक्षक केवल शिक्षा का दान ही नहीं करते बल्कि अपनी सेवा भाव और मानवीय संवेदनाओं से समाज को सहयोग एवं एकजुटता का संदेश भी देते हैं। इसी भावना को साकार करते हुए संयुक्त संवेदना समिति प्रतापपुर ने दिवंगत शिक्षक साथी स्व. आत्माराम के परिजन को 1 लाख रुपये की संवेदना राशि प्रदान कर दुःख की घड़ी में परिवार को आर्थिक संबल दिया। विकासखंड प्रतापपुर के प्राथमिक शाला कोडाकूपारा मानी में पदस्थ सहायक शिक्षक आत्माराम का 22 सितंबर को निधन हो गया था। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। ऐसे कठिन समय में संयुक्त संवेदना समिति ने अपने दिवंगत शिक्षक साथी के परिजन को आर्थिक सहायता प्रदान कर यह संदेश दिया कि शिक्षक साथी के दुनिया से विदा होने के बाद भी उनके परिवार के प्रति सहयोग और संवेदना का रिश्ता बना रहता है। संयुक्त संवेदना समिति का गठन सूरजपुर जिले के शिक्षकों द्वारा आपसी सहयोग से किया गया है। समिति का मुख्य उद्देश्य किसी शिक्षक सदस्य के निधन पर उसके परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है।

घुटरा में अवैध रेत उत्खनन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर ग्राम घुटरा एवं आसपास के क्षेत्रों में कथित रूप से लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन का खेल जारी है। नदी-नालों से लगातार रेत निकाले जाने से जहां प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है, वहीं पर्यावरणीय नुकसान के साथ-साथ भविष्य में बड़ी दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार विभागों की निगरानी के अभाव में रेत उत्खनन करने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं। बताया जा रहा है कि घुटरा और आसपास के इलाकों में रेत के लिए मशीनों एवं वाहनों का उपयोग किए जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। नियमों के विपरीत नदी क्षेत्र में खुदाई किए जाने से कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बनने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बारिश के बाद ऐसे गड्ढे पानी से भर जाने पर ग्रामीणों, बच्चों और मवेशियों के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। यदि समय रहते इस दिशा में कार्रवाई नहीं की गई तो किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन की नींद खुलने की आशंका ग्रामीणों में व्यक्त की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि रेत उत्खनन से नदी के प्राकृतिक स्वरूप में बदलाव के साथ आसपास के पर्यावरण पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। नदी की जलधारा प्रभावित होने, किनारों के कटाव और भू-जल स्तर पर संभावित प्रभाव को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। इसके अलावा भारी वाहनों की आवाजाही से ग्रामीण मार्गों की स्थिति बिगड़ने और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिला मुख्यालय से महज 25 किलोमीटर की दूरी पर यदि खुले तौर पर रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है, तो संबंधित विभागों की निगरानी व्यवस्था आखिर कहां है। क्या जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है या फिर शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है यह सवाल अब ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं खनिज विभाग से घुटरा तथा आसपास के नदी क्षेत्रों का तत्काल निरीक्षण कराने, अवैध उत्खनन की जांच करने और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही नदी क्षेत्र में बने संभावित खतरनाक गड्ढों को चिन्हित कर सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग भी उठाई गई है।

फीस वृद्धि के खिलाफ विद्यार्थियों ने किया विरोध प्रदर्शन



बिश्रामपुर। संत गहिरा गुरु यूनिवर्सिटी सरगुजा द्वारा की गई फीस वृद्धि के विरोध में छात्र-छात्राओं का आक्रोश सामने आया है,विद्यार्थियों के हितों से जुड़े इस मुद्दे को लेकर शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के छात्र-छात्राओं ने आंदोलन करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया,एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने सिलफिली मुख्य मार्ग पर पदयात्रा निकालकर महाविद्यालय का घेराव किया और बढ़ी हुई फीस को तत्काल कम करने की मांग उठाई।

प्रदर्शन के बाद संत गहिरा गुरु विवि सरगुजा के कुलपति के नाम का ज्ञापन प्राचार्य को सौंपा गया। छात्र-छात्राओं का कहना है कि उच्च शिक्षा प्रत्येक विद्यार्थी का महत्वपूर्ण अधिकार है और शिक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें आर्थिक स्थिति किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई के रास्ते में बाधा न बने,विश्वविद्यालय द्वारा फीस में वृद्धि किए जाने से विद्यार्थियों और उनके परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए बढ़ी हुई फीस जमा करना कठिन हो सकता है, ऐसे में विद्यार्थियों ने विवि प्रशासन से मांग की है कि फीस वृद्धि के निर्णय पर पुनर्विचार कर छात्रहित में तत्काल राहत प्रदान की जाए। फीस वृद्धि के विरोध में शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के छात्र-छात्राओं ने एकजुट होकर अपना विरोध दर्ज कराया। आंदोलन के दौरान विद्यार्थियों ने सिलफिली मुख्य मार्ग पर पदयात्रा निकालकर अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया, इसके पश्चात महाविद्यालय का घेराव कर विश्वविद्यालय प्रबंधन के निर्णय के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई, छात्रों ने ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया गया कि फीस वृद्धि के निर्णय पर गंभीरता से विचार किया जाए,विद्यार्थियों का कहना है कि फीस में होने वाली बढ़ोतरी का सीधा असर उनकी पढ़ाई और परिवारों के बजट पर पड़ सकता है।









